# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 11.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की।**
- **राज्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई स्थानों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा।**
- **प्रदेश में बीते चौबीस घंटों में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश का दौर जारी– मौसम केन्द्र ने अगले चार–पांच दिन कई स्थानों पर भारी बारिश का जताया पुर्वानुमान।**
- **पेरिस ओलिंपिक खेल–2024 का आज रात भव्य समारोह के साथ समापन होगा।**

**000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च पैदावार, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त वाली फसलों की 109 किस्में जारी की। ये किस्में 61 फसलों की हैं जिनमें खेती की 34 और बागवानी की 27 फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधीय पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई किस्मों से कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। श्री मोदी ने मोटे अनाज का उल्लेख किया और कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में भी बात की और कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे है और इनकी मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की जागरूकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। **बाद में** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 61 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं।

000

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राजधानी जयपुर में आज मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों पर जगह–जगह पुष्प वर्षा की गई। अभियान के तहत जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से 13 अगस्त को तिरंगा मैराथन आयोजित की जाएगी। **भीलवाड़ा** जिले में कई स्थानों पर तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन से निकली रैली का शुभारंभ जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया। **चूरू** में वाहन तिरंगा रैली को जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने रवाना किया। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए इन्द्रमणि पार्क पहुंची। **जैसलमेर** में ऐतिहासिक गडीसर सरोवर से तिरंगा रैली निकाली गई। **केकडी** जिला मुख्यालय पर निकाली गई तिरंगा वाहन रैली में बडी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने नागरिकों से 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। **झालावाड** जिले में भी विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैली निकाली गई। **बीकानेर** में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कहा कि इससे पूरे देश में उत्साह का वातावरण है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि भारत प्राचीन काल से ही कई पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का केंद्र रहा है। इन चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से **'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज'** के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल रही है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों की आभार और अभिनंदन सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रोपैथी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन करने और इसके लिए पहले चरण में 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। **वहीं** भीलवाडा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने सहित भीलवाडा और जहाजपुर क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024–25 में हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी गई हैं।

000

प्रदेश में इन दिनों हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण किया जा रहा है। झुन्झुनू के बगड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पौधा रोपण किया। इस अवसर पर श्री खर्रा ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पौधा

अपनी मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से आगे आने वाले सालों में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में बढोतरी होगी।

000

प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर लगातार जारी है। खासकर पूर्वी राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 38 सेंटीमीटर बारिश करौली में रिकॉर्ड की गई। टोंक में 14, बारां के शाहबाद में 12, दौसा के सिकराय में 11 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड की गई। करौली जिले में हो रही बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया है। प्रशासन की ओर से जल निकासी का काम किया जा रहा है। वहीं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। भारी बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में कल का अवकाश घोषित किया है।

.........................

सवाईमाधोपुर में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी रुक–रुक कर जारी रहा। शहर के अनेक इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है। बारिश के कारण रणथम्भौर दुर्ग मार्ग अवरुद्ध हो गया है। वहीं भरतपुर संभाग में तेज बारिश का दौर जारी है। इधर, राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही बारिश का दौर बना हुआ है। तेज बारिश के कारण सड़कों और निचले इलाकों में पानी भरने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। चूरू जिले में पिछले दो दिनों से हुई अच्छी बरसात से किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों का मानना है कि इस बारिश से फसलों को काफ़ी फ़ायदा होगा। सिरोही जिले में माउंट आबू सहित कई स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश का दौर चलता रहा। उत्तर–पूर्वी राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों के ऊपर आज भी एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इसके असर से अगले 5–6 दिन मानसून सक्रिय रहने तथा कहीं–कहीं भारी और कहीं–कहीं अति भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

000

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात पेरिस ओलिम्पिक खेल सम्पन्न हो रहे हैं। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा। इस दौरान 80 हजार दर्शकों के स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इस ओलिम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा। वे ओलिम्पिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर की मिक्सड टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलिम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला होने का नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता। हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने पुरुषो के भाला फेंक में रजत पदक जीता। भारत के उभरते हुए पहलवान अमन सहरावत 57 किलोग्राम फ्री स्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। इस ओलिम्पिक में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर 71वां स्थान हासिल किया है।

000